बांधवगढ़ के जंगलों में मिली बौद्ध गुफाएँ

[भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (Archaeological Survey of India-ASI)](#) ने मध्य प्रदेश के बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व में बौद्ध गुफाओं और स्तूपों की खोज की है।

प्रमुख बिंदु

- **बौद्ध गुफाएँ:**
  - बौद्ध धर्म के **महायान संप्रदाय** से संबंधित 26 बौद्ध गुफाओं को खोजा गया है, जो दूसरी और 5वीं शताब्दी की हैं।
  - गुफाओं और उनके कुछ अवशेषों में 'चैत्य' (गुंबद) दरवाज़े और पत्थर के बिस्तर थे जो महायान बौद्ध स्थलों में विशिष्ट थे।
- **ब्राह्मी लिपि में शिलालेख:**
  - ब्राह्मी लिपि में 24 शिलालेख हैं, जो सभी दूसरी-पाँचवीं शताब्दी के हैं।
  - शिलालेखों में **मथुरा और कौशांबी, पावता, वेजबरदा एवं सपतनैरिका** जैसे स्थलों का उल्लेख है।
  - वे जिन राजाओं का उल्लेख करते हैं उनमें **भीमसेना, पोथासिरी और भट्टदेव शामिल हैं।**
- **मंदिरों के अवशेष:**
  - 9वीं-11वीं शताब्दी के बीच कलचुरी काल के 26 मंदिरों के अवशेष और**संभवत: दुनिया की सबसे बड़ी वराह मूर्तिकला भी इसी अवधि की है।**
    - **कलचुरी राजवंश** जो गुजरात, महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में फैला है, सबसे पुराने **एलोरा और एलीफेंटा गुफा** स्मारकों से भी जुड़ा है।
    - **वराह मूर्ति** भगवान विष्णु के 10 अवतारों की कई अखंड मूर्तियों में से एक है।
  - दो शैव मठ भी मिले हैं।
- **गुप्त काल के अवशेष:**
  - **गुप्त काल** के कुछ अवशेष, जैसे कि दरवाज़े के जाम और गुफाओं में नक्काशी पाई गई है।

बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व के प्रमुख बिंदु:

- **विषय:**
  - वर्ष 1968 में, इसे एक राष्ट्रीय उद्यान के रूप में अधिसूचित किया गया था और वर्ष 1993 में निकटवर्ती **पनपथा अभयारण्य** में **प्रोजेक्ट टाइगर** नेटवर्क के तहत एक बाघ अभयारण्य घोषित किया गया था।
- **ऐतिहासिक महत्त्व** : इसका उल्लेख 'नारद पंचात्र' और 'शिव पुराण' की प्राचीन पुस्तकों में पाया जा सकता है कि इस स्थान को रामायण से जोड़कर भी देखा जा रहा है।
  - बांधवगढ़ किला "त्रेता युग" (हिंदू धर्म में मानव जाति के युगों में से एक) की एक महान कृति है।
  - यह सेंगर, कलचुरी और बघेल (माना जाता है कि इन्होने लंबे समय तक क्षेत्रों पर शासन किया) सहित प्रमुख राजवंशों द्वारा शासित था।
- **भौगोलिक पहलू:** यह मध्य प्रदेश की बिल्कुल उत्तर-पूर्वी सीमा और सतपुड़ा पर्वत शृंखलाओं के उत्तरी किनारों पर स्थित है।
  - **जलवायु:** उष्णकटिबंधीय मानसून जलवायु क्षेत्र।
  - **जलधाराएँ:** इससे होकर 20 से अधिक जलधाराएँ बहती हैं जिनमें से कुछ सबसे महत्त्वपूर्ण धाराएँ हैं जैसे- जोहिला, जनाध, चरणगंगा, दमनर, बनबेई, अंबानाला और अंधियारी झिरिया। ये धाराएँ फिर सोन नदी (गंगा नदी की एक महत्त्वपूर्ण दक्षिणी सहायक नदी) में मिल जाती हैं।
- **जैवविविधता: कोर ज़ोन में बाघों की काफी अधिक संख्या है। यहाँ स्तनधारियों की 22 से अधिक प्रजातियाँ और पक्षियों की 250 प्रजातियाँ हैं।**
- अन्य प्रजातियाँ : एशियाई सियार, बंगाली लोमड़ी, स्लॉथ बियर, धारीदार लकड़बग्घा, तेंदुआ और बाघ, जंगली सुअर, नीलगाय, चिंकारा एवं गौर।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण:

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, संस्कृति मंत्रालय के तहत **राष्ट्र की सांस्कृतिक विरासतों के पुरातत्वीय अनुसंधान तथा संरक्षण** के लिये एक प्रमुख संगठन है।
- यह 3650 से अधिक प्राचीन स्मारकों, पुरातात्त्विक स्थलों और राष्ट्रीय महत्त्व के स्थानों का प्रबंधन करता है।
- इसकी गतिविधियों में पुरातात्त्विक अवशेषों का सर्वेक्षण करना, पुरातात्त्विक स्थलों की खोज और उत्खनन, संरक्षित स्मारकों का संरक्षण एवं

रखरखाव आदि शामिल हैं।

- इसकी स्थापना 1861 में ASI के पहले महानदिशक अलेक्जेंडर कनघिम ने की थी। अलेक्जेंडर कनघिम को "भारतीय पुरातत्त्व के जनक" के रूप में भी जाना जाता है।

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asi-finds-buddhist-caves-in-bandhavgarh-forests